**SMS लखनऊ द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा दिवस-2025 का भव्य आयोजन**



# स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ द्वारा विश्व बौद्धिक संपदा दिवस-2025 का भव्य आयोजन

**लखनऊ : 26 April 2025**

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने दिनांक 26 अप्रैल 2025 को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रख्यात प्रोफेसर डॉ. खिलराज पांडे ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में "बौद्धिक संपदा (IP) क्या है और किसी विचार को पेटेंट कैसे कराना चाहिए" विषय पर गहन एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बौद्धिक संपदा के विभिन्न पहलुओं, जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट एवं औद्योगिक डिज़ाइन आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपने नवाचारों के संरक्षण हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन स्कूल के महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरत राज सिंह द्वारा किया गया। डॉ. सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस की स्थापना, इतिहास और वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में इसकी महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि नवाचार और रचनात्मकता के संरक्षण हेतु बौद्धिक संपदा अधिकार कितने महत्वपूर्ण हैं।

इस अवसर पर डॉ. धर्मेंद्र सिंह (एसोसिएट डायरेक्टर), डॉ. हेमंत कुमार (डीन – इंजीनियरिंग), डॉ. आशा कुलश्रेष्ठ, विभागाध्यक्ष – सिविल, सहित संस्थान के सभी संकाय सदस्य, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।

**कार्यक्रम के अंत में डॉ. कमलेश सिंह ने उपस्थित अतिथियों, वक्ता एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।**

**इस आयोजन ने विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके विचारों को सुरक्षित रखने के महत्व को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

**डा. भरत राज सिंह**
**महानिदेशक (तकनीकी)**
**स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ**

---

https://ghoomtaaina.in/school-of-management-sciences-lucknow-organized-a-special-lecture-program-on-the-occasion-of-world-intellectual-property-day-on-26th-april-2025-with-great-enthusiasm/